कुल प्रश्नों की संख्या : 28
Total No. of Questions : 28

कुल पृष्ठों की संख्या : 08
Total No. of Pages : 08

# 301

## विषय : हिन्दी

## Subject : HINDI

समय : 03 घण्टे
Time : 03 Hours

पूर्णांक : 100
Maximum Marks : 100

---

*निर्देश –*

*(i) प्रश्नपत्र में खण्ड –''क'', ''ख'', ''ग'', ''घ'' हैं, जिनमें से खण्ड ''क'' तथा खण्ड ''घ'' अनिवार्य हैं। खण्ड ''ख'' तथा खण्ड ''ग'' में से कोई एक खण्ड हल कीजिए।*

*(ii) प्रश्न 1 से 4 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक के लिए 1X5=5 अंक निर्धारित हैं।*

*(iii) दो–दो अंको वाले प्रश्नों की अधिकतम शब्द सीमा 20 शब्द है।*

*(iv) तीन–तीन अंको वाले प्रश्नों की अधिकतम शब्द सीमा 40 शब्द है।*

*(v) लगभग सभी प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।*

*(vi) सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।*

### खण्ड – ''क'' अनिवार्य

प्र.1 रिक्त स्थानों की पूर्ति दिये विकल्प के आधार पर कीजिए:– **(1X5=5)**

(अ) प्राण रक्षा के लिए उत्तम से उत्तम वस्तु ........................है। (दवा/हवा/चित्त को प्रसन्न रखना)

(ब) तुलसीदास द्वारा रचित महाकाव्य....................................................है। (रामचरित मानस/रामायण)

(स) एक था पेड़ और एक था ठूँठ के वाक्यों का गठन.................है। (सरल/कठिन/हास्य प्रधान)

(द) समय का सदुपयोग सबसे बड़ी ..................................................................है। (मूर्खता/समझदारी)

(इ) ''सरसी'' का अर्थ..................................................................................है। (पनघट/तलैया/नदी)



mpcareer.in

प्र.2 निम्नलिखित वाक्यों के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए – (1X5=5)

(अ) ''ओ मेरे मन'' कविता में किसने अपने मन की बात कही –

(i) पाठक ने

(ii) प्रियतम ने

(iii) सिरफिरे पागल ने

(iv) घृणा भाव ने

(ब) देवकी नंदन खत्री किस युग के साहित्यकार थे?

(i) रीति कालीन युग के

(ii) द्विवेदी युग के

(iii) भारतेन्दु युग के

(iv) प्रयोगवादी युग के

(स) रावण और हिरण्यकश्यप की हार हुई क्योंकि वे –

(i) शक्तिहीन थे

(ii) परिस्थितियों से लड़ नहीं पाए

(iii) कुछ अधिक ही बुद्धिमान थे

(iv) जिद्दी और अत्यधिक आत्मविश्वासी थे

(द) बालधी बिसाल बिकराल ज्वाल जाल में अलंकार है –

(i) उपमा

(ii) उत्प्रेक्षा

(iii) रूपक

(iv) अनुप्रास

(इ) पर्वत का उचित पर्यायवाची निम्न विकल्पों में से है –

(i) भूधर

(ii) उदधि

(iii) सलिल

(iv) प्रसून

mpcareer.in

प्र.3 स्तंभ ''क'' से ''ख'' के वाक्यों से मिलान कर सही जोड़ियाँ बनाइये :– (1×5=5)

| ''क'' | ''ख'' |
|---|---|
| (अ) संस्कृति | (i) संकीर्ण विचार लेकर जीना |
| (ब) उदरम्भीर | (ii) किसी भाव का विचार |
| (स) पिंजड़े में गंगाराम | (iii) समाचार पत्र |
| (द) भाव पल्लवन | (iv) अमेरिका |
| (इ) ''चौथी दुनिया'' | (v) संस्कारात्मक परिणति है |
| | (vi) पेट भरकर |
| | (vii) भारी उदर |

प्र.4 निम्नलिखित वाक्यों के लिए सत्य असत्य का चयन कीजिए – (1×5=5)

(अ) किसी विवरण की मुख्य बात सार कहलाती है।

(ब) अलिया का अर्थ है सखी।

(स) प्रौढ़ता आने पर विचार और भाषा में निखार आता है।

(द) रीतिकाल में वीर रस की प्रधानता रही।

(इ) संत खलों के वचन सदा सहन करते हैं।

प्र.5 रैदास ने अपनी बुद्धि को चंचल क्यों कहा है? (2)

**अथवा**

मीरा ने किसको अपना पति माना था?

प्र.6 रहीम के अनुसार सज्जन व्यक्ति को रूठने पर क्यों मना लेना चाहिए? (2)

**अथवा**

''वह तोड़ती पत्थर'' कविता का मुख्य पात्र कौन है?

प्र.7 क्रोध बैर में कैसे बदल जाता है? (2)

**अथवा**

चित्रा का चित्र किसका प्रतीक था?

प्र.8 हँसी को एक कला क्यों माना है? (2)

**अथवा**

सुख–दुःख को मानव मन के बंधन क्यों कहा है?



mpcareer.in

प्र.9 ''आवश्यकता आविष्कार की जननी है'' कथन का भाव पल्लवन कीजिए। **(2)**

**अथवा**

मुहावरों का अर्थ बताते हुए उनका वाक्य में प्रयोग कीजिए – (कोई दो)

(i) गागर में सागर भरना

(ii) अंधे की लाठी

(iii) अपने मुँह मियां मिट्ठू बनना

प्र.10 वाक्य शुद्ध करके लिखिए – (कोई दो) **(2)**

(i) राम ने बाँसुरी बजाया।

(ii) लड़कों की सभा हो रहा था।

(iii) राम से कहना कि राम शाम को अवश्य आ जाए।

**अथवा**

शुद्ध लेखन किसे कहते हैं?

प्र.11 यमक और श्लेष अलंकार में कोई दो अंतर लिखिए। **(2)**

**अथवा**

वात्सल्य रस की परिभाषा लिखते हुए इसके रस के सम्राट का नाम बताइये।

प्र.12 शांत रस का उदाहरण लिखिए। **(2)**

**अथवा**

रस के कितने अंग होते हैं? नाम लिखिए।

प्र.13 रीतिबद्ध काव्य धारा किसे कहते हैं? इसकी प्रमुख प्रवृत्तियॉ कौन–कौन सी हैं? किन्हीं दो का नाम बताइये। **(4)**

**अथवा**

रीतिकाल के नामकरण की सार्थकता पर प्रकाश डालिए।

प्र.14 गोपिका की आँखों से क्या बाहर निकल गया, और क्या नेत्र के अंदर रह गया? **(4)**

**अथवा**

'राम और भरत का प्रेम अद्वितीय था'' तुलसीदास के कथनों से समझाइये।

mpcareer.in

प्र.15 निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ प्रसंग सहित व्याख्या कीजिएः– (4)

''पुलकि सरीर सभाँ भए ठाढ़े। नीरज नयन नेह जल बाढे।
कहब मोर मुनिनाथ निबाहा। एति तें अधिक कहौं मैं कहा''।।

**अथवा**

''कोई न छायादार, पेड़ वह जिसके तले बैठी हुई स्वीकार,
श्याम तन, भर बँधा यौवन, नत नयन प्रिय, कर्म–रत मन,
गुरू हथौड़ा हाथ, करती बार–बार प्रहार,
सामने तरू मालिका अट्टालिका प्राकार।।''

प्र.16 शीर्षक से आप क्या समझते हैं? (4)

**अथवा**

सार संक्षेपण के महत्व को समझाइए।

प्र.17 संस्कृति के संदर्भ में समन्वय का अर्थ समझाइए। (4)

**अथवा**

शिक्षा और साक्षरता के प्रसार के लिए क्या उपाय किए जाने चाहिए।

प्र.18 निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए – (4)

''दो टूक बात यों कि जीवन वह है, जो समय पर अड़ भी सकता है और समय पर झुक भी, पर ठूँठ वह है, जो अड़ ही सकता है, झुक नहीं सकता।''

**अथवा**

''जो समझता है कि वह दूसरों का उपकार कर रहा है, वह अबोध है, जो समझता है कि दूसरे का उपकार कर रहे है, वह बुद्धि हीन हैं, कौन किसका उपकार करता है, कौन किसकी अपकार कर रहा है? मनुष्य जी रहा है, केवल जी रहा है।''

**खण्ड – ''ख''**

प्र.19 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में दीजिएः– (5X1=5)

(क) भारतदेश की राष्ट्रभाषा क्या है?
(ख) कार्यालय ज्ञापन का प्रयोग कहाँ होता है?
(ग) टिप्पणी की भाषा कैसी होनी चाहिए।
(घ) कार्यालय के सार–लेखन में कौनसा गुण प्रमुख है?
(ड.) पृष्ठांकन पत्र में कहाँ किया जाता है?



mpcareer.in

प्र.20 राजभाषा और राष्ट्रभाषा में कोई दो अंतर बताइये। (2)

**अथवा**

टिप्पणी और प्रारूप में क्या अंतर है? (कोई दो)

प्र.21 अर्ध सरकारी पत्र का स्वरूप क्या होता है? (2)

**अथवा**

सरकारी पत्र का स्वरूप कैसा होता है?

प्र.22 कार्यालय आदेश का प्रयोग किस प्रयोजन से होता है? कोई दो का नाम लिखिए। (2)

**अथवा**

फाइल के दो भाग कौन–कौन से होते हैं? नाम लिखिए।

प्र.23 पत्रों पर टिप्पणी कहाँ की जाती है? (3)

**अथवा**

फाइल पर टिप्पणी क्यों लिखी जाती है?

प्र.24 टिप्पणी लेखन कितने प्रकार के होते हैं? (3)

**अथवा**

टिप्पणी लेखन के कितने चरण होते हैं?

प्र.25 सार – लेखन से कार्यालयी कार्य निपटाने में क्या सुविधाएँ होती हैं? (3)

**अथवा**

रिपोर्ट का सार लिखते समय किन–किन बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए?

**खण्ड – ''ग''**

प्र.19 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में दीजिएः– (5×1=5)

(क) किसी एक सशक्त संचार माध्यम का नाम बताइये।

(ख) ''चौथी दुनिया'' किसे कहते हैं?

(ग) किसी एक समाचार एजेंसी का नाम बताइये।

(घ) रेडियो की ''विविध भारती सेवा'' मुख्य रूप से किस प्रकार की सेवा है?

(ड.) 'सार्क' (SAARC) से क्या तात्पर्य है?



mpcareer.in

प्र.20 संचार क्रांति के कोई दो लाभ बताइये। (2)

**अथवा**

रेडियो और दूरदर्शन की भाषा में कोई दो अंतर बताइये।

प्र.21 संपादक मंडल के सदस्य कौन–कौन होते हैं? (2)

**अथवा**

वीडिओ पत्रकारिता क्या है?

प्र.22 दूरदर्शन अन्य माध्यमों की तुलना में अधिक लोकप्रिय क्यों है? (2)

**अथवा**

भारत की प्रमुख समाचार एजेन्सियों के नाम लिखिए।

प्र.23 प्रेस विज्ञापन क्या है? (3)

**अथवा**

भेंटवार्ता किसे कहते हैं?

प्र.24 संचार माध्यमों में प्रयुक्त भाषा की प्रमुख्य विशेषताएँ लिखिए। (3)

**अथवा**

इंटरनेट की प्रमुख उपयोगितायें बताइये।

प्र.25 उपग्रह की इलेक्ट्रॉनिक संचार उपकरणों में क्या उपयोगिता है? (3)

**अथवा**

समाचार के मुख्य स्त्रोत बताइये।

## खण्ड – ''घ'' अनिवार्य

प्र.26 निम्नलिखित अपठित खण्ड को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए – (2+2+1=5)

''यदि हम निरंतर प्रयत्न करेंगे तो निश्चय ही अपने सभी लक्ष्यों को प्राप्त कर लेंगे, किन्तु प्रायः देखा जाता है कि अधिक आशावादी लोग थोड़ा सा प्रयत्न करके अधिक फल की कामना करने लगते हैं और मनोवांछित फल प्राप्त न होने पर निराश हो जाते हैं? अतः जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए परिस्थितियों के समक्ष घुटने न टेकें, बल्कि हिम्मत से उनका मुकाबला करें। याद रखें, जितना कठोर हमारा परिश्रम होगा, उसका फल भी उतना ही मीठा होगा।''



mpcareer.in

प्रश्न–(i) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(ii) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।

(iii) कम प्रयत्न के बावजूद अधिक फल की कामना कौन करता है?

**<u>अथवा</u>**

"सच्चा कर्म सच्ची सेवा सच्चा धरम।
दुश्मन के आगे कभी झुके नहीं हम।।
खौलता है खून, साँस चलती गरम।
कितने हों कष्ट, नहीं होते जो नरम।।"

प्रश्न–(i) उपर्युक्त पद्यांश का सार्थक शीर्षक लिखिए।

(ii) उपर्युक्त पंक्तियों का भावार्थ लिखिए।

(iii) पंक्तियों में सच्चा धर्म किसे माना है?

प्र.27 अपने नगर के नगर पालिका अधिकारी को आपके वार्ड में व्याप्त गंदगी की जानकारी देते हुए, स्वच्छता व्यवस्था करवाने हेतु पत्र लिखिये। **(5)**

**<u>अथवा</u>**

अपने छोटे भाई के जन्मदिवस समारोह में सम्मिलित होने के लिए अपने मित्र को आमंत्रण पत्र लिखिए।

प्र.28 (अ) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 200 शब्दों का निबंध लिखिए – **(7)**

(i) कम्प्यूटर आज की आवश्यकता

(ii) जीवन में खेलों का महत्व

(iii) किसी ऐतिहासिक स्थल का वर्णन

(iv) राष्ट्र निर्माण में युवाओं का योगदान

(v) पर्यावरण प्रदूषण और वृक्षारोपण।

(ब) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 5 बिंदुओं की रूपरेखा लिखिए – **(3)**

(i) स्त्री शिक्षा

(ii) विज्ञान वरदान एवं अभिशाप

(iii) समाचार पत्र की उपयोगिता

(iv) स्वच्छता की आवश्यकता।

---

mpcareer. in